e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0–03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (सुपौल)–01 / 2026....734.....पटना, दिनांक 27/02/2026

आदेश

विषय :– श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल का संविदा समाप्ति किये जाने के संबंध में।

यह कि श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल को निगरानी विभाग ने दिनांक 24.02.2026 को रंगे हाथ 20,000/– (बीस हजार) रूपये का रकम रिश्वत के रूप में लेते हुए पकड़ा गया।

2. यह कि श्री विक्रम के विरूद्ध निगरानी विभाग में एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जो निगरानी कांड संख्या–022/26 दिनांक 24.02.2026 है।

3. यह कि गिरफ्फतारी के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल का पत्रांक 54 दिनांक 24.02.2026 द्वारा अग्रेतर कार्रवाई हेतु सूचना उपलब्ध करायी गयी है।

4. यह कि निदेशालय पत्रांक 667 दिनांक 24.02.2026 द्वारा आरोपी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रत्यूत्तर अप्राप्त है।

5. यह कि सरकार ने Zero Tolerance to Corruption की नीति अपनाई है।

6. यह कि श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल का यह कृत्य सरकार के छवि को धूमिल किया है।

7. यह कि उपर्युक्त विवरणी से यह स्पष्ट होगा कि श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल दिनांक 24.02.2026 को पकड़े गये थे एवं इनके द्वारा पूर्व में भी ऐसा कृत्य किया जाता रहा होगा, जो पूर्णतः भ्रष्टाचार में लिप्त रहने को प्रदर्शित करता है।

अतः सम्यक विचारोपरान्त संवर्ग नियंत्री प्राधिकार को यह समाधान हो गया है कि श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल सेवा में बने रहने लायक नहीं है और उनकी सेवा अब सरकार के लिए लोक–उपयोगी नहीं रह गयी है।

अतः संविधान के अनुच्छेद 311(2) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं संतुष्ट हूँ कि श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल सेवा में बने रहने लायक नहीं है एवं बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 (यथासंशोधित नियमावली 2022) के कंडिका–8(4) के आलोक में श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल का संविदा नियोजन गिरफ्तारी की तिथि यथा 24.02.2026 से समाप्त किया जाता है।

8. उक्त आदेश से निगरानी विभाग के प्राथमिकी सं0–022/26 दिनांक 24.02.2026 पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ेगा।

Suharsh 27/02/26
(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (सुपौल)–01/2026...734....**पटना, दिनांक** : 27/02/2026

प्रतिलिपि : श्री विक्रम कुमार राम (AEN13067), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Suharsh 27/02/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Mohit\Director\Order\01-2026 27-02-2026 Vikram Ram.docx

ज्ञापांक :03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (सुपौल)–01 / 2026..734.............**पटना, दिनांक** :27/02/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Suhaesh 27/02/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (सुपौल)–01 / 2026..734.............**पटना, दिनांक** :27/02/2026

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित संविदा कर्मियों के व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Suhaesh 27/02/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप